हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 38 .0 डिग्री
न्यूनतम 22 .0 डिग्री

10 जागरूकता रैली निकालकर साफ-सफाई का दिया संदेश



10 ईवीएम-वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन



## खबर संक्षेप

### दोस्त को घायल बताकर 15 हजार रुपये का चूना

**जींद।** व्हाट्सअप पर दोस्त का वॉलपेपर लगा और दोस्त के एक्सीडेंट होने बात कह इलाज के लिए रुपयों की जरूरत बता युवती को 15 हजार रुपये का चूना लगा दिया। शहर थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरवाना निवासी दीक्षा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**कैथल।** गांव तितरम में एक ट्रक चालक ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी दीपक ने पुलिस को शिकायत दी कि 21 अप्रैल को रात करीब 11 बजे वह स्कूटी पर सवार होकर गांव के मु य मार्ग से जा रहा था। वहां अज्ञात ट्रक चालक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया।

### घर में घुसकर किया हमला, तीन घायल

**जींद।** बुढाखेड़ा लाठर में शराब के नशे में घर में घुस कर हमला कर तीन को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुढाखेड़ा निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दोपहर का गांव के ही कुलदीप, मनजीत, राधेश्याम शराब पीकर घर में घुस आए।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** विदेश भेजने के नाम पर रुपये ठगने के मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर राजकरण की अगुवाई में एएसआई महेंद्र की टीम ने करते आरोपी रामथली निवासी राजविंद्र को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैलरम निवासी ईश्वर सिंह की शिकायत अनुसार 23 दिसंबर 2022 को बेटे अनुज को पुर्तगाल जाने के लिए रवाना किया था।

### घर में घुस महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**जींद।** गांव पिंडारा घर में घुस कर महिला से मारपीट करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पांडू पिंडारा निवासी ललिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने सुनील के साथ शादी की हुई है। विरेंद्र उसके पति की पैतृक संपत्ति से हिस्सेदारी मांग रहा है।

### चावल के बैग चोरी प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** गांव कुतुबपुर स्थित एसएसडब्लयूसी के गोदाम से चावल से भरे बैग चोरी करने का प्रयास मामले की जांच थाना सदर पुलिस के एसआई वजीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी हरी नगर नरवाना निवासी योगेश को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी के सीनियर मैनेजर बिनित की शिकायत अनुसार कंपनी वेयर हाउसिंग की सेवा प्रदान करती है।

### मशरूम फार्म से हजारों रुपये का सामान चोरी

**जींद।** गांव मनोहरपुर में बीती रात चोरों ने मशरूम फार्म से बैटरी, इन्वर्टर व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मनोहरपुर निवासी प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव में मशरूम फार्म बनाया हुआ है।

### मोटरसाइकिल चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** बाइक चोरी के अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बाइक चोरी के एक मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस के एचसी संदीप कुमार द्वारा आरोपी गांव बाबा लदाना निवासी गुलफान को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया।

# जींद जिले में 86 गैर मान्यता प्राप्त या अस्थायी मान्यता प्राप्त विद्यालय

## शिक्षा विभाग ने स्कूलों की सूची अधिकारियों को भेजी, 26 प्राइमरी, 15 मिडल, 38 सेकेंडरी व 7 सीसें स्कूल शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जिले में कुल 86 गैर मान्यता प्राप्त या अस्थायी मान्यता प्राप्त स्कूल हैं जिनकी सूची अधिकारियों द्वारा सेकेंडरी शिक्षा हरियाणा के पास भेजी गई है। अब इन स्कूलों के खिलाफ आगामी कार्रवाई विभाग के निर्देश के बाद होगी। 86 स्कूलों में से 26 प्राइमरी, 15 मिडल, 38 सेकेंडरी व सात सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग ने इस सत्र में विद्यार्थियों के गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में दाखिले से रोकने के लिए कहा था। इसके लिए विभाग ने





क्लस्टर स्तर पर टीमों का गठन कर गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों का पता लगाने के बारे में निर्देश दिए थे। जिले में ऐसे कई स्कूल हैं जिनके पास छोटी कक्षा की मान्यता है लेकिन वे बड़ी कक्षाओं के दाखिले कर रहे हैं और कई ऐसे स्कूल हैं, जिनके पास मान्यता नहीं है। क्लस्टर टीम ने निरीक्षण के बाद स्कूलों की सूची तैयार की थी। नया सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है जबकि 24 दिन बीत जाने के बाद स्थानीय अधिकारियों ने विभाग के पास गैर मान्यता प्राप्त व अस्थायी मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची भेजी है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि सत्र की शुरुआत में अभिभावकों से अनुरोध किया गया था कि अपने बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलवाने से पहले स्कूलों की मान्यता जरूर जांच ले। वहीं अभी तक अधिकारियों द्वारा अस्थायी मान्यता प्राप्त या गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची सार्वजनिक नहीं की गई है।

### विभाग के आदेश पर होगी कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने कहा कि जिन अभिभावकों को अपने बच्चों के दाखिले प्राइवेट स्कूल में करवाने हैं, वह दाखिले से पहले स्कूलों की मान्यता अवश्य जांच लें। जिलेभर के अस्थायी या गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची विभाग के पास भेज दी है। अब विभाग के आदेश मिलने के बाद इन स्कूलों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कैथल के १८ स्कूलों पर लग सकता है ताला

**कैथल।** बिना मान्यता के चल रहे 28 स्कूलों पर जल्द ही विभाग ताला लगा सकता है। इन स्कूलों की सूची निदेशक सेकेंडरी शिक्षा हरियाणा पंचकूला द्वारा जारी की गई है। ऐसा बताया जा रहा है कि इन विद्यालयों को नोटिस जारी किए गए थे लेकिन इन विद्यालयों के मुखियाओं द्वारा इसे लेकर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। अब शिक्षा निदेशालय द्वारा इन स्कूलों की सूची भेजते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को 3 दिन के अंदर-अंदर यह रिपोर्ट भेजने के आदेश दिए हैं। इस सूची में यदि किसी विद्यालय द्वारा विभाग से विद्यालय खोलने की अनुमति ली हुई है जिसकी वैधता 2 वर्ष होती है। यदि उसको 2 वर्ष से अधिक का समय हो गया है तो ऐसे विद्यालयों को गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सूची में माना जाएगा। इस सूची के अलावा यदि जिले में किसी भी खंड के अंदर यदि कोई गैर मान्यता प्राप्त स्कूल चल रहा है तो उसकी सूची भी निदेशालय भेजे जाने के आदेश दिए हैं। बता दें कि जिले में करीब 400 से अधिक प्राइवेट स्कूल चलाए जा रहे हैं जिनमें से आधे से भी अधिक स्कूल ऐसे हैं कि जिन्हें बोर्ड द्वारा मान्यता नहीं दी गई है। यही नहीं पिछले कई सालों से इन स्कूल संचालकों द्वारा बोर्ड से एक या दो साल की मान्यता ली जा रही थी लेकिन इन्हें स्थाई मान्यता नहीं दी गई थी। इस प्रकार से यह स्कूल संचालक दूसरे स्कूल वालों से सांठगांठ करते हुए अपने बच्चों के वहां पर परीक्षाएं दिलवा देते थे इससे विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

**निदेशालय के आदेश अनुसार कार्रवाई होगी: विजयलक्ष्मी:** जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विजयलक्ष्मी ने बताया कि उन्हें निदेशालय द्वारा प्राप्त पत्र प्राप्त हुआ है। इसमें जिले के 28 स्कूलों को दर्शाया गया है। यदि इन विद्यालयों द्वारा समय रहते जवाब नहीं दिया गया तो उनके खिलाफ निदेशालय द्वारा दिए गए आदेश अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

## सीआरएसयू में विद्यार्थियों की सेहत से खिलवाड़

# विवि छात्रावास में पानी की टंकी में मिला बंदर का शव

## पिछले चार-पांच दिन से पानी की टंकी में ही सड़ रहा था बंदर का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय स्थित छत्रपति शिवाजी छात्रावास (लड़कों) के होस्टल की पानी की टंकी में मृत बंदर मिलने से हडकंप मच गया। जैसे ही पानी की टंकी में बंदर के मृत होने का छात्रों को पता चला तो उन्होंने रोष जताया और विवि प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते वीसी व रजिस्ट्रार से मुलाकात की। पानी की टंकी में मृत बंदर का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल किया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि जो भी पानी सप्लाई के कार्य को देखता है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। छात्रों के स्वास्थ्य के खिलवाड़ के साथ कोताहि किसी भी सूरत में बर्दाशत नही की जाएगी। चार-पांच माह से मृत था पानी की टंकी में बंदर, आ रही थी पानी में बदबू एनएसयूआई के डा. मोहित नैन, जयदीप सिंधु, प्रिंस मान, आशीष मलिक, रोहित, नवीन, छात्र नेता सुमित लाठर ने कहा कि छात्रों की समस्याओं को दूर करने के लिए विद्यालय प्रशासन की कार्यशैली हमेशा से ही सुर्खियों में रही है। विश्वविद्यालय में पढ़ रहे छात्रों की समस्याओं को दूर करने की बात हो या फिर छात्रों को सुविधा उपलब्ध करवाने, सबकुछ अधूरा है। अब विश्वविद्यालय स्थित छत्रपति शिवाजी छात्रावास (लड़कों) के होस्टल की पानी की टंकी में मृत बंदर पाया गया है जो चार या पांच दिन से टंकी में ही मृत था। किसी ने भी इस तरफ कोई ध्यान नही दिया। टंकी से पानी होस्टल में सप्लाई होता रहा। जब पानी से बदबू आई और छात्रों ने छत पर जाकर टंकी संभाली तो मामले का खुलासा हुआ। अगर छात्र टंकी में मृत बंदर को नही देखते तो छात्र इसी टंकी का पानी पी-पी कर बीमार होते रहते। उन्होंने मांग की कि जो भी यहां पानी सप्लाई, टंकी के रखरखाव की व्यवस्था देखता है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।





जींद। वीसी तथा रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### कार्रवाई के निर्देश : डॉ. मोहन

सीआरएसयू रजिस्ट्रार डा. लवलीन मोहन ने बताया कि जैसे ही पानी की टंकी में मृत बंदर होने का मामला छात्रों द्वारा संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। टंकी से मृत बंदर को निकलवाया गया है और उसे दफनवा दिया गया है। लापरवाही किस स्तर पर है, मामले की जांच करवाई जाएगी।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

विवि के किसी छात्र द्वारा ही पानी की टंकी में मृत बंदर का वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। वायरल वीडियो के माध्यम से यह बताया गया कि कैसे पानी की टंकी में बंदर मृत पड़ा है। वीडियो वायरल कर विवि प्रशासन को छात्रों के स्वास्थ्य के प्रति अपनी आंखें खोलने के लिए कहा गया।

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने बुढ़ाखेड़ा गांव के राशन डिपो पर मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सफीदों

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने वीरवार को उपमंडल के गांव बुढ़ाखेड़ा स्थित राशन डिपो पर छापा मारा। छापे की अगुवाई सीएम फ्लाइंग के उप निरीक्षक विजेंद्र कुमार ने की। इस कार्रवाई के दौरान उनके साथ खाद्य एवं आपूर्ति विभाग पिल्लूखेड़ा के सब इंस्पेक्टर अंकित कुंडू विशेष रूप से मौजूद रहे। टीम ने राशन डिपो संचालक रामनिवास से डिपो के स्टाक के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। टीम ने स्टाक रजिस्टर के अनुसार डिपो पर मौजूद राशन के साथ मिलान किया। इस जांच के डिपो के स्टाक में काफी अनियमित्ताएं पाई गईं। जांच में डिपो के रिकार्ड के मुताबिक 6 लीटर सरसों का तेल अधिक पाया गया। इसके अलावा रिकार्ड में 99 किलोग्राम गेहूं व 43.5 किलोग्राम बाजरा कम मिला। टीम ने डिपो धारक रामनिवास से स्टाक के कम व 'यादा होने के बारे में पूछा तो वह कोई सपष्ट जवाब नहीं दे पाया। जिस पर उपनिरीक्षक विजेंद्र कुमार ने मौके पर मौजूद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को डिपो संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिस पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सब इंस्पेक्टर अंकित कुंडू ने बताया कि इस मामले में डिपो धारक को नोटिस देकर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते जींद के उपनिरीक्षक विजेंद्र कुमार ने बताया कि डिपो संचालक के खिलाफ शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिसको लेकर यहां पर जांच की गई तो स्टाक में काफी अनियमित्ताएं पाई गईं है।



# नौकरी लगवाने के नाम पर ठगे 44 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

युवाओं को दिल्ली पुलिस व हरियाणा ग्रुप डी में नौकरी लगवाने के नाम पर एक आरोपी ने 44 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव उझाना जिला जींद निवासी विरेंद्र सिंह ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि वह फायर विभाग पंचकूला में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। एक दिन उसे गांव नरवलगढ़ निवासी कुलदीप कैथल में मिला। उसने बताया कि वह किसी भी बेरोजगार को डी ग्रुप हरियाणा में सरकारी नौकरी लगवा देगा। कुलदीप ने विश्वास दिलवाया कि आपके कितने भी आदमी हों, उनको नौकरी लगवा देगा। उसने आरोपी की बातों में आकर अपने दोस्त विजेंद्र की लड़की व भांजी को दिल्ली पुलिस में लगवाने के लिए 15-15 लाख रुपये व उसके रिश्तेदार मलकीत के भाई को ग्रुप डी में लगवाने के लिए कुलदीप को सात लाख रुपये कैथल में दे दिए। इसके अलावा रिश्तेदार जोगिंदर को हरियाणा ग्रुप डी में लगवाने के लिए सात लाख रुपये कुलदीप को दे दिए।

### बीस हजार रुपये की नकदी मोबाइल लेकर युवक फरार

**जींद।** नए बस अड्डे के निकट ढाबे पर बैठे अधिकारी के कुक को दो युवकों ने बातों में उलझा कर नशीला पानी पिला दिया और बीस हजार रुपये की नगदी तथा मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ चोरी तथा नशीला पदार्थ देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।रोडिया बाखल जिला अल्मोड़ा उत्तराखंड निवासी आलम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह डीसी कालोनी में अधिकारी के आवास पर अपने भाई के साथ कुक का काम करता है। गत 20 अप्रैल शाम को वह अपने घर जाने के लिए नए बस अड्डे पर पहुंचा था। बस के न मिलने पर वह नजदीक होटल जा कर बैठ गया। उसी दौरान दो युवक उसके पास आए।

### तेजधार हथियारों से हमला, 4 घायल


**जींद।** गांव भैरवखेड़ा के निकट नेशनल हाइवे 152डी पर बने फूड प्वांयट पर पुरानी रंजिश के चलते गाड़ी सवार राजस्थान के लोगों ने खाना खा रहे राजस्थान के दूसरे परिवार पर बिंडे तथा तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। जिसमें एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए। हमलावरों ने उनकी गाड़ी के शीशे भी तोड़ डाले। जुलाना थाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ मारपीट करने, तेजधार हथियार से हमला करने, गाड़ी से तोड़ फोड़ करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सुमेर नगर जयपुर निवासी विधा चौधरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ हिमाचल प्रदेश में घूमने गई हुई थी। वापसी के दौरान उन्हें खाना खाने के लिए गांव भैरवखेड़ा के निकट नेशनल हाईवे 152डी पर बने फूड प्वायंट पर गाड़ी रोक दी। जब वे फूड प्वायंट की तरफ बढ़ रहे थे तो उसी दौरान अलवर राजस्थान निवासी अंजना दीवान भी परिवार के साथ गाड़ी में वहां पहुंच गई।

# नरवाना में शुरू हुआ बंदर पकड़ो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नरवाना

वीरवार को नप द्वारा चलाया आवारा पशु पकड़ो अभियान जिसके तहत दोपहर बाद तीन बजे तक करीब 10 बंदर पकड़े गए। इसके लिए 5 मैम्बर कमेटी कार्यवाही अधिकारी की अध्यक्षता में गठित की गई है जिसमें तीन पार्षद सदस्य बनाए गए हैं जिनमें शशीकांत शर्मा, विपुल नैन, नवीन शर्मा सतीश गोयल शामिल हैं। कमेटी जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी उसके बाद ही पकड़े गए आवारा पशुओं का सत्यापन होगा। जब तक सभी आवारा पशु पकड़े नहीं जायेंगे तब तक यह अभियान जारी रहेगा। नगरपरिषद सभापति प्रतिनिधि विशाल मिर्धा ने बताया कि 15 अप्रैल को इसका टेंडर हो गया था लेकिन ठेकेदार के निजी कारण से कार्य शुरू नहीं हो पाया था जो अब शुरू हो गया है जिसमें एक बंदर पकड़ने के लिए करीब 17 सौ व एक गाय व बैल पकड़ने के लिए 13 सौ का भुगतान किया जाएगा। जल्द ही शहर को आवारा पशुओं से निजात मिल जाएगी।फोटो कैप्शन



### हाउसिंग बोर्ड के फ्लैटों में पेयजल की समस्या

**जींद।** हाउसिंग बोर्ड द्वारा सैक्टर आठ में बनाए गए फ्लैटों अलॉटियों को पेयजल की गभीर समस्या से गुजरना पड़ रहा है। विभाग द्वारा सुध न लिए जाने के कारण अलॉटी खुद को फंसा हुआ महसूस कर रहे है। अलॉटियों ने गभीर हो रही पेयजल की शिकायत हाऊसिग बोर्ड के मुख्य प्रशासक, डीसी तथा विभाग कार्यकारी अधिकारी को भेजी है। सैक्टर आठ मे बने हाउसिंग बोर्ड निवासी कर्मपाल, जगदीश, रोहताश, सतीश, जसबीर ढुल, पूनम बताया कि सैक्टर 8 में बने फ्लैट की विभाग की ओर से 145 अलाटियों को पोजिशिन दे दी गई थी। इस समय फ्लैटो में 110 अलाटी परिवार सहित रह रहे हैं। यहां पर 50 -60 वाटर टैंक बने हुए हैं। गर्मी के साथ पेयजल संकट गहराने से वाटर टैंक खाली होने लगे हैं। जिसके चलते अलाटियो के सामने पेयजल की समस्या खडी हो गई है।

# नारेबाजी कर जताया विरोध

- कर्मचारियों की मांगों की हो रही अनदेखी : स्वराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुहला-चीका

33 केवी बिजली बोर्ड चीका में आल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ यूनिट गुहला की एक अहम मीटिंग रखी गई। अध्यक्षता राज्य उप प्रधान व यूनिट प्रधान स्वराज सिंह ने की इस दौरान राज्य सचिव अभिषेक शर्मा व राज्य कमेटी मेंबर बलजिंदर सीड़ा भी उपस्थित रहे। मीटिंग में स्थानीय अधिकारियों की कार्यशैली पर विस्तार से चर्चा की गई। बिजली निगम के स्थानीय अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को बंधवा मजदूर बनाने की जो मंशा चल रही है। और अधिकारियों द्वारा नियमों को थौंपने कर्मचारियों की बात और उनकी समस्याओं को न सुनने का जो रवैया है। उसकी आज की मीटिंग में कड़े शब्दों में आलोचना की गई अधिकारियों द्वारा नई-नई लाईने खिंचवाई जा रही है। कर्मचारियों को सुरक्षा औजार काफी लंबे समय से नहीं मिले शिकायत केंद्रो पर लाइनों की मरम्मत के लिए समान तक उपलब्ध नहीं है इसीलिए आज यूनिट कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से जनता और सामाजिक संस्थाओं के समर्थन से जल्द आंदोलन स्थानीय अधिकारीयों की कार्य शैली के खिलाफ करने का फैसला किया है।



सर्व कर्मचारी संघ यूनिट गुहला के सदस्य

## प्रशासन की अनदेखी लोगों पर पड़ रही भारी

# पूंडरी: टूटी सड़क दे रही हादसों को निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी

गांव फरल में ढांड-पूंडरी सड़क से महाराणा प्रताप चौक से फल्गु तीर्थ पर जाने वाली मुख्य सड़क जिला प्रशासन की अनदेखी के चलते कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ये सड़क दो विभागों के बीच फंसी होने के चलते हालत में पड़ी है। पीडब्ल्युडी विभाग के अधिकारी कहते है कि ये उनके अधीन नहीं है, जबकि पंचायत विभाग कहता है कि वे सड़क का निर्माण करवा नहीं सकते है और ये फल्गु तीर्थ मेला के दौरान तीर्थ फंड में से बनाई जाती है। वैसे भी इस सड़क की रिपेयर या पुन निर्माण मेले के दौरान ही होता है। श्री फल्गु तीर्थ का मेला वर्ष 2018 में लगा था, जो अब वर्ष 2028 में लगने जा रहा है। तब तक ये सड़क साथ बने तालाब में पुरी तरह से समा जाएगी। ग्रामीणों राज सिंह, शिशपाल राणा, कप्तान राणा, भुपाल राणा, जोनी राणा, महिपाल राणा व पप्पु राणा ने बताया कि वर्ष 2018 के बाद से जिला प्रशासन ने इस सड़क की सुध तक नहीं ली। हर अमावस्या को इस सड़क से तीर्थ पर पंजाब, हिमाचल, जम्मू, यूपी के यात्री पहुंचते है। इसके साथ आस पास गांवों को भी जोड़ती है। पूरे गांव के श्मशान घाट के अलावा गांव के लड़कियों का वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भी इसी सड़क पर है। आस पास के गांव म्योली, खेड़ी मटरवा व डेरे पर रहने वाली लड़कियां पढ़ने आती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट के पास इस सड़क का एक बहुत बड़ा भाग साथ लगते गहरे जोहड़ में समा चुका है। अब सबसे बड़ी समस्या यह है कि साथ लगते तालाब का पानी सड़क पर कभी भी आ सकता है। अगर सड़क पर पानी आ गया तो गांव का संपर्क कट जाएगा। यही नहीं कभी भी कोई वाहन इसमें गिर सकता है। क्योंकि सभी स्कूलों की बसें भी इसी सड़क से होकर गुजरती हैं। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क तो जब बनेगी तक बनेगी। सबसे पहले इस जोहड़ के दूसरे छोर पर स्थित माता के मंदिर के पास लगे वाटर रिचार्ज बोर खोलने चाहिए।



### आचार संहिता के बाद होगा हल

आचार संहिता के बाद गांव कि फिरनी का एस्टीमेंट बनवाकर उसमें इस सड़क को दिया जाएगा। इसके अलावा विधायक रणधीर गोलन से मिलकर भी किसी भी विभाग से बनवाए जाने की मांग की जाएगी।

# केबल में लगी आग,4 गांवों की बिजली गुल

- ग्रामीणों ने निगम के अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

152डी नारनौल-अंबाला नेशनल हाईवे पर खेड़ी तलोडा के पास एचटी तार में आग लग गई। जिससे बनियाखेड़ा, तेली खेड़ा, आलन जोगी खेड़ा और खरकगादिया गांव की बिजली गुल हो गई। इसके कारण ग्रामीणों को गर्मी में रात बितानी पड़ी और उन्हें मच्छरों ने परेशान किया। पिल्लूखेड़ा के शिकायत केंद्र पर बिजली गुल होने की शिकायत भी दर्ज करवाई लेकिन उनकी शिकायत पर वीरवार सुबह तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बिजली गुल होने से ग्रामीणों ने बिजली निगम के अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीण वीरवार को भी बिजली आने का इंतजार करते रहेए लेकिन बिजली की शाम तक भी सप्लाई नहीं शुरू हो पाई थी। हालांकि बिजली निगम कर्मचारियों ने वीरवार दोपहर तक जली हुई तार को बदल दिया था लेकिन दिन के समय ग्रामीण क्षेत्र में बिजली बंद होने के चलते देर शाम सप्लाई को बहाल किया गया।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण व शहरी ईकाई का चुनाव 27 अप्रैल को

**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी-अधिकारी एसो.के जिला प्रधान किताब सिंह भनवालाए महासचिव कुलदीप गोयल और प्रेस सचिव जगदीश पांचाल ने बताया कि एसो. के त्रिवर्षीय चुनाव कार्यक्रम के तहत ब्लॉक व इकाइयों के चुनाव चल रहे हैं। अब तक छह ब्लाकों के चुनाव हो चुके हैं और आखिरी चरण का चुनाव जींद ब्लॉक की शहरी और ग्रामीण इकाइयों का चुनाव 27 अप्रैल को जाट धर्मशाला जींद में होगा।

### रंजिशन हमला करने पर छह के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव खरकरामजी में ठेके पर शराब लेने गए युवक पर रंजिश के चलते कुछ लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर चार लोगों को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खरकरामजी निवासी रविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के बिंद्र से रंजिश चली आ रही है।

### सट्टा खाईवाल करते एक दबोचा, पूछताछ जारी

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने गांव पीपलथा में सट्टा खाईवाल करते काबू कर उसके कब्जे से 2810 रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गढ़ी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव पीपलथा निवासी राजबीर दुकान के बाहर सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजबीर को काबू कर लिया।

### उल्लंघन की सी.विजिल एप पर करें शिकायत

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने व उसके निस्तारण हेतु ऑनलाइन सी. विजिल एप विकसित किया गया है। उक्त एप पर चुनाव संबंधी शिकायतों को किसी भी व्यक्ति द्वारा अपलोड किया जा सकता है।

### घर में घुस किया हमला दस के खिलाफ मुकदमा

**जींद।** गाव हथवाला में सांग करवाने से खफा पड़ोसियों ने घर में घुस हमला कर व्यक्ति को घायल कर दिया। जुलाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव हथवाला निवासी मोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सांग करवाने की तैयारियां कर रहा था।

### नियमों के विरूद्ध प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों से आह्वान किया कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है।

### असीम है निष्काम सेवा का फलः प्रधान

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान रामनिवास अहिरका ने कहा कि एक बार एक अंग्रेज अधिकारी महर्षि रमण से मिला। उसने कहा कि सुना है आप रोजाना परमात्मा से घंटो मिलते हैं। यदि आपकी बात झूठी निकली तो आपको अंधविश्वास फैलाने के जुर्म में शीघ्र ही जेल में डाल दिया जाएगा। महर्षि रमण ने कहा कि परमात्मा से तो मैं आपको अभी मिला सकता हूं।

### स्कूल में मलेरिया दिवस मनाया

**अलेवा।** नगूरां पीएचसी के अधीन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उप सिविल सर्जन मलेरिया डा. बिजेंद्र ढांडा के निर्देशानुसार विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर नगूरां गांव के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के अलावा उप स्वास्थ्य केंद्रों पर विद्यार्थियों को मलेरिया नामक रोग के प्रति जागरूक करते हुए रैली निकाली।

---

### विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

# जागरूकता रैली निकालकर साफ-सफाई का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज. जींद

जिलाभर में वीरवार को विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सीएमओ डा. गोपाल गोयल, उप सिविल सर्जन (मलेरिया) डा. बिजेंद्र ढांडा के निर्देशानुसार विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर प्रदेश को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शहर की विभिन्न कालोनियों में नुक्कड़ बैठकें कर मलेरिया रोग के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य निरिक्षक राममेहर वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मलेरिया से बचाव के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी।

#### आधारशिला स्कूल में छात्रों को किया प्रेरित

सीएमओ डा. गोपाल गोयल, उप सिविल सर्जन (मलेरिया) डा. बिजेंद्र ढांडा ने विश्व मलेरिया दिवस पर आधारशिला स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। दोनों ही स्वास्थ्य अधिकारियों ने मलेरिया बचाव को लेकर छात्रों को जागरूक किया। इस मौके पर बच्चों ने मलेरिया से बचाव को लेकर नाटक भी प्रस्तुत किया गया। डा. बिजेंद्र ढांडा ने कहा कि मलेरिया रोग जानलेवा मच्छरों के काटने से होता होता है। यह रोग मादा एनोफ्लीज मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया रोग होने का सबसे बड़ा कारण है अपने आसपास फैली गंदगी या किसी एक जगह पर पानी इक्कठा रहने से, घरों के गमलों, टूटे पड़े बर्तन, टायर, कूलर तथा घरों में रखे पानी के खुले पड़े बर्तनों में मच्छर पनपते हैं और वही मच्छर अन्य व्यक्ति को काट कर उनमे मलेरिया रोग फैला देते है। बुखार होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।



जींद। आधारशिला स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते डिप्टी सीएमओ डा. बिजेंद्र ढांडा, विश्व मलेरिया दिवस पर नाटक की प्रस्तुति देने वाले बच्चों को सम्मानित करते हुए सीएमओ डा. गोपाल गोयल।

#### गांव कंडेला में निकाली जागरूकता रैली

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेला के एसएमओ डा. अनु के दिशा-निर्देशानुसार स्वास्थ्य सुपरवाइजर सुरेश कुमार की अगवाई में उपस्वास्थ्य केंद्र रुपगढ़, निर्जन, खोखरी, अमरहेड़ी पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने गांव में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई। डा. अनु ने बताया कि मलेरिया के मुख्य लक्षणों में सर्दी के साथ बुखार होना, एक दिन छोड़ कर बुखार होना, तेज सिर दर्द होना, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पीछे दर्द होना आदि मुख्य लक्षणों में हैं। उन्होंने कहा कि मलेरिया से बचने के लिए अपने आसपास साफ -सफाई रखें, पानी के बर्तनों को ढक कर रखें, छत पर रखे गमले, टूटे बर्तन, टायर, प्लास्टिक के खोल इत्यादि को नीचे उतार दें। फ्रीज की ट्रे व कूलर का पानी सप्ताह में एक बार जरूर निकाल दें। शरीर को ढक कर रखें, मच्छरदानी का प्रयोग करें। बुखार होने पर खून की जांच करवाएं व पॉजिटिव पाए जाने पर मूल इलाज लें। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई दवाई न लें। मलेरिया की जांच सभी जिला अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध है।

#### छात्रों ने मलेरिया को लेकर किया जागरूक

एसजी एसडी स्कूल उचाना में एसएमओ डा. जेके मान की अध्यक्षता में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। जिसकी थीम मलेरिया के खिलाफ जारी लड़ाई में तेजी लाना रही। प्राचार्य सुरेंद्र ने स्कूल में छात्र छात्राओं द्वारा मलेरिया संबंधी पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई व मलेरिया पर लघु नाटिका की गई। प्रतिभागी छात्रों को एसएमओ डा. जेके मान के द्वारा प्रोहत्सान के रूप में पुरस्कार वितरित किए गए तथा मच्छर जनित रोगों के बारे विस्तार से जानकारी दी । एसएमओ डा. जेके मान ने मलेरिया से बचाव की जानकारी दी।

#### ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव की दी जानकारी

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत ईंटल खुर्द गांव में सरपंच रितु की अध्यक्षता में सुशील शर्मा व सुनीता कुमारी स्वास्थ्य कर्मियों ने विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष पर बच्चों के सहयोग से जागरूकता रैली निकाली। रैली को सरपंच रितू द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा, एमपीएचडब्ल्यू सुनीता ने कहा कि मलेरिया बुखार मादा एनाफ्लिज मच्छर के काटने से होता है। जोकि साफ पानी में पैदा होता है। घर में रखे फ्रिज ट्रे, कूलर, नारियल खोल, पानी की बिना ढकी हुई टंकी मच्छर के लिए नर्सरी का काम करते हैं।

---

### तीन दिवसीय वैदिक गणित कार्यशाला का समापन



**नरवाना।** आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय में तीन दिवसीय वैदिक गणित कार्यशाला का विधिपूर्वक समापन हुआ हुआ। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर राकेश भाटिया ने गणित की बड़ी गणनाओं को मात्र 5 से 10 सेकंड में हल करके सबको चौंका दिया। सुरेश नैन ने कहा की वैदिक गणित बच्चों के गणित पाठ्यक्रम में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करेगा। वैदिक गणित पाठ्यक्रम को हरियाणा के सभी विद्यालयों में लागू करना चाहिए। कार्यक्रम समाप्ति के बाद सभी आए हुए आचार्य को प्रमाण पत्र दिए गए। आचार्य भैया बहनों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया इस कार्यशाला से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। अंत में विद्यालय के पूर्व प्रबंधक महावीर मित्तल ने आए हुए सभी अधिकारी गण एवं आचार्य का धन्यवाद किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बताया वैदिक गणित की यह कार्यशाला सभी विद्यालयों के लिए बहुत ही लाभकारी सिद्ध होगी।

### ग्रामीणों को मच्छरजनित बीमारियों को लेकर करें जागरूक

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराय पर डा. शुभम की अध्यक्षता में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। सभी को मलेरिया बुखार बारे जानकारी दी व जागरूक किया कि स्वास्थ्यर्मी अपनी फील्ड विजिट के दौरान 'यादा से 'यादा ग्रामवासियों को मच्छरजनित बीमारियों बारे जानकारी दें व टंकी, कूलर, होदी, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट-ट्रे के पानी मे लार्वा चेक करें। बुखार पीड़ित की समय पर रक्त पट्टिका बनाएं।

### बच्चों ने जागरूकता रैली निकाल पढाया स्वच्छता का पाठ

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव ईक्कस में जागरूकता रैली निकाली गई। एमपीएचडब्ल्यू दिनेश ने मलेरिया बुखार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घरों के आसपास पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दे। गड्ढों को मिट्टी से भर दें, घरों की खिड़कियों व दरवाजों पर जालियां लगवाएं। उधर, विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा स्वास्थ्य सुपरवाइजर बिजेंद्र बुरा व सुमित्रा देवी की अगुवाई में गांव कालवा, हाड़वा, गांगोली व धडोली के राजकीय स्कूलों में बच्चों व स्कूल स्टाफ के सहयोग से जागरुकता रैली निकाली व मलेरिया व मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आमजन के सहयोग बारे अपील की।



विश्व मलेरिया दिवस पर ईंटलखुर्द में जागरूकता रैली निकालते बच्चे।

---

# वेतन संबंधी मामलों के स्थाई हल का आश्वासन

- राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने डीईईओ के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल छात्र-शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से मिला। इसमें विशेष रूप से संघ के राष्ट्रीय प्रतिनिधि राजेश खर्ब शामिल हुए। प्रतिनिधिमंडल ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोजखेड़ा को बचाने, एचआरएमएस पर रिलिविंग ज्वायनिंग एवं वेतन संबंधी मामलों पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ विस्तृत चर्चा की। संघ के जिला प्रधान जितेंद्र बैनीवाल ने बताया कि विद्यालय बरकरार रहेगा। शीघ्र ही खजाना अधिकारी से बातचीत करके वेतन संबंधी मामलों का स्थाई समाधान कर दिया जाएगा। उधर खंड प्रधान देवीदयाल चहल ने विद्यालयों में दाखिला अभियानए छात्र संख्या बढाने दाखिला पोर्टल की समस्या को एवं स्कूल में मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की तरफ से हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने भी जिला लेवल का कोई भी मामला मेडिकल, एलटीसी, एसीपी कार्यालय स्तर पर लंबित ने रहने का आश्वासन दिया। उधर प्राथमिक स्तर के खेलों की राशि जैसे ही निदेशालय से प्राप्त होगी अतिशीघ्र जारी करने का भरोसा कार्यालय द्वारा दिया।



डीईईओ के साथ बैठक में शामिल राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

### खोया-खोया चांद कार्यक्रम 28 को

**जींद।** शहर की समाजसेवी संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा शहर में 28 अप्रैल रविवार को सायं सात बजे गजलों भरी महफिल खोया-खोया चांद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार यह कार्यक्रम शहर के अर्बन एस्टेट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सायं सात बजे शुरू होगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों में वीना भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, नीरज शर्मा, विनय अरोड़ा, सिंदर जींद से व मनोज जाखड़, मयंक सफीदों से तथा पानीपत से राजकुमार भारद्वाज शामिल रहेंगे। सृष्टि फाउंडेशन के संयोजक डा. विवेक सिंगला ने बताया कि खोया-खोया चांद कार्यक्रम के मुख्यअतिथि नागरिक अस्पताल के सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल व मधु गोयल होंगे तथा डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, सीमा भोला एवं महावीर कंप्यूटर सम्मानित अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

# निपुण योजना बच्चों के लिए महत्वपूर्ण : राजेश

- जिला परियोजना क्रियान्वयन ईकाई (डीपीआईयु) का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डॉण सुभाष चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में वीरवार को जिला परियोजना क्रियान्वयन ईकाई (डीपीआईयु) का आयोजन किया गया। जिसमें डीपीआईयु सदस्यों ने कक्षा पहली से पांचवी के बच्चों को स्थाई ज्ञान देने के उद्देश्य से फाउंडेशनल लिट्रेसी एंड नयुमरेशी द्वारा मासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। जिसमे प्रत्येक बच्चे को पांचवी कक्षा के अंत तक पढ़ने, लिखने एवं अंकगणित को सीखने की क्षमता उपलब्ध करवाई जाएगी। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने मार्च महीने का ब्यौरा प्रस्तुत किया और बताया कि यह योजना बच्चों के विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। निपुण भारत योजना के माध्यम से बच्चे समय से आधारभूत शास्त्र एवं संख्यात्मकता का ज्ञान प्राप्त कर पाएंगे। जिससे बच्चों में मानसिक एवं शारीरिक विकास अधिक वृद्धि से होगा। बच्चों को खेल खेल में शिक्षा मिले तथा साथ ही उनमे आगे बढ़ने कि प्रेरणा व प्रोत्साहन मिले इसके लिए जिला स्तर पर अनेक गतिविधियों का आयोजन करवाया जा रहा है।



जींद। बैठक लेते जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ईक्कस प्रधानाचार्य डा. विजय लक्ष्मी।

---



मंदिर के पास भरे पानी के बर्तन को खाली करते स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### बच्चों को बीमारियों से बचाव के लिए किया जागरूक

**नरवाना।** वीरवार को नरवाना शहर में नागरिक अस्पताल के विशिष्ट चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बिंदलिश व नरवाना के निर्देश अनुसार राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांधीनगर ढाणी और शहर के एक निजी स्कूल में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु बच्चों को जागरूक किया। इस दौरान मलेरिया डेंगू व चिकनगुनिया आदि बीमारियों के बारे में जानकारी दी सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस मनाने पूरी बाजू के कपड़े का प्रयोग करने कोई भी बुखार होने पर रक्त की जांच करवाने व मलेरिया पाए जाने पर मूल उपचार लेने बारे बताया गया अपने घरों की छत पर आसपास पानी इकट्ठा न होने दें इस दौरान टीम में स्वास्थ्य निरीक्षक रामकुमार वह स्वास्थ्य कर्मी गुरदेव सिंह मौजूद रहे।

# सेमिनार में 176 छात्रों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल एवं आईडीपी एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आईलेट्स और विदेश में शिक्षा अवसरों के स्त्रोतों को लेकर प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजनकिया।आईडीपी एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड चंडीगढ़ शाखा से आए नकुल भटनागर व उनकी टीम के सदस्यों ने ऑस्ट्रेलिया, यूके यूएसए, कनाडा आयरलैंड एंड न्यूजीलैंड जैसे देश में विद्यार्थी पढ़ाई करके किस तरीके से अपने लिए जॉब के अवसरों का पता लगा सकता है के बारे में बताया और साथ ही इस बात पर भी प्रकाश डाला कि विदेश में पढ़ाई करने से टाइम के साथ उसे देश में या कहीं और बसने में मदद मिलती है। अगर आप बेहतर संवाद करने में सक्षम हैं तो आप एक वैश्विक नागरिक बन सकते हैं। यह आपके सीवी और रिज्यूम को भी प्रभावशाली बनाता है। सेमिनार में लगभग 176 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि आज के इस युग में विद्यार्थी न सिर्फ एक जगह रह कर शिक्षा ग्रहण करना चाहता है बल्कि अलग-अलग तरह के लोगों और संस्कृतियों से मिल कर अलग अनुभव करना चाहता है । इससे विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में को बढ़ावा मिलता है। प्लेसमेंट सेल के संचालक गौरव ने कहा कि विदेश में पढ़ाई के लिए इंग्लिश भाषा का आना बहुत जरूरी है।



जींद। प्लेसमेंट कार्यशाला को संबोधित करते प्राचार्य सत्यवान मलिक।



जींद। कार्यक्रम में विचार रखते हुए वक्ता।

### ध्वनि प्रदूषण का मानव जीवन पर प्रभाव विषय पर मंथन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग एवं सक्षम हरियाणा प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में ध्वनि प्रदूषण का मानव जीवन पर प्रभाव विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि व वक्ता के रूप में सक्षम राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य डा. चंद्रभूषण पाठक ने ध्वनि प्रदूषण के कारण उत्पन्न अनेक समस्याओं एवं उनके प्रतिकूल परिणामों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। साथ ही समस्याओं के समाधान हेतु उचित एवं उपयोगी उपायों को उनके समक्ष रखा। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों को ध्वनि प्रदूषण के संबंध में जागरूकता और सही दिशा में कदम उठाने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक प्रो. डा. देवेंद्र सिंह यादव ने की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में ध्वनि प्रदूषण से उत्पन्न समस्याओं एवं समाधान के विषय में विस्तृत एवं व्यापक जानकारी उपलब्ध कराना है।

---

### जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में रेडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी

# ईवीएम-वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

लोकसभा आम चुनाव के दौरान जिला मे प्रयुक्त होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग व वीवीपैट मशीनों का पहला रेडमाइजेशन वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में हुआ। रेंडमाइजेशन की प्रक्त्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा की उपस्थिति में पूरी की गई। रेडमाइजेशन की प्रक्रिया विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला के स्वीप नोडल अधिकारी डा. हरीश वशिष्ठ, जिला नगरायुक्त वीरेंद्र सहरावत, जींद के एसडीएम राकेश सैनी, नरवाना के एसडीएम अनिल कुमार दून, सफीदों के एसडीएम मनीष फोगाट, उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक, उपजिला निर्वाचन अधिकारी नमिता कुमारी, नायब तहसीलदार चुनाव प्रदीप सरोहा उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित विभिन्न राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों से कहा कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान होने वाली समस्त गतिविधियों को सिलसिलेवार पूरा किया जा रहा है और प्रशासन पारदर्शी चुनाव करवाने के लिए पूर्णतः कटिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि आज की इस रेंडमाइजेशन का मुख्य उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि किस विधानसभा क्षेत्र में किस सीरियल नंबर की मशीन जायेगी। उन्होंने बताया कि आगामी चुनावों के दौरान प्रयोग की जाने वाली सभी प्रकार की मशीनें प्रशासन के पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त कोई भी मशीन के खराब होने की स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त मशीनों का प्रबंध किया गया है ताकि चुनाव के समय किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना करना पड़े।



जींद। स्टॉग रूम की प्रक्रिया को जांचते अधिकारी।

#### कार्रवाई की गई

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि विवेक शर्मा, कांग्रेस के श्यामलाल, इनेलो के सुनील कुमार, जजपा के संजय कुमार, आम आदमी पार्टी के नीरज सैनी, बसपा के देशराज सरोहा, सीपीआई एम के रमेश चंद्र ने इस बैठक में भाग लिया।



**अलेवा।** नगूरां गांव के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम को संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी विनय जिंदल।

### शिक्षकों को पढ़ाया नैतिक-सामाजिक एकता का संदेश

**अलेवा।** गांव नगूरां के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निपुण हरियाणा के तहत चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रूप से खंड शिक्षा अधिकारी अलेवा विनय जिंदल तथा प्राचार्य बिजेंद्र सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन राममेहर, दिनेश तथा मनीषा ने किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि खंड शिक्षा अधिकारी विनय जिंदल ने अध्यापकों को एक नैतिक व सामाजिक संदेश दिया। वहीं प्राचार्य बिजेंद्र सिंह भविष्य की परियोजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे अध्यापक तथा अध्यापिकाएं उपस्थित थी।

**खबर संक्षेप**

### तीर्थस्थलों का महत्व विषय पर कार्यशाला

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल, कैथल के सभागार में प्राचार्य डॉ ऋषिपाल की अध्यक्षता में भारतीय संस्कृति में तीर्थस्थलों का महत्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्कृत विभाग और पुस्तकालय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. राजीव कुमार गाबा , डॉ. विशम्बरदास एवं डॉ. अनीता नैन के संयुक्त संयोजन में संपन्न हुआ।

### नशा किसी के लिए नहीं हितकारी: एचसी सुनील

**कैथल।** पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल में आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत एचसी सुनील कुमार द्वारा गांव अगौंध, स्यू माजरा, हेमू माजरा, भाटिया, चाणचक में आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है।

### छात्रों को दिलाई मतदान करने की शपथ

**राजौंद।** राजौंद। गांव बीर बांगड़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में सभी छात्र-छात्राओं व स्टाफ एवं प्राचार्य ने आगामी चुनाव में मतदान करने के लिए शपथ ली।इस दौरान विद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई तथा उन्हें वोट के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्य ने यह बताया की एक वोट का कितना महत्व होता है अतः हम सभी को आगामी चुनाव में अपने वोट का प्रयोग करना चाहिए।

### कन्या भ्रूण हत्या पर प्रतियोगिता आयोजित

**गुहला-चीका।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका में लीगल लिटरेसी सेल के अंतर्गत कन्या भ्रूण हत्या पर एक कविता प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने कविताओं के माध्यम से संदेश दिया की कन्या भ्रूण हत्या एक अभिशाप है और समाज के लिए कलंक है। उन्होंने यह भी बताया कि लड़के और लड़की एक समान है। लड़की से ही संसार सुंदर है और जिस लड़के के लिए लड़की को मार दिया जाता है।

### स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को दी विदाई

**कैथल।** हिंदी विभाग के स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच संचालन शालिनी ने किया। सभ्य एवं विनम्र उपाधियाँ रखी गयीं। मिस फेयरवेल के चयन के लिए रैंप वॉक, डांस, क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अंत में मिस फेयरवेल काजल,ज्योति को चुना।

### आदर्श मतदाता बनने के लिए शपथ दिलाई

**कैथल।** जाट आईटीआई कैथल के सभागार में जाट आईटीआई,कैथल के प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा की अध्यक्षता में सामूहिक मतदाता शपथ तथा ऑन जॉब ट्रेनिंग समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईटीआई के विद्यार्थियों को सामूहिक रूप से एक आदर्श मतदाता बनने के लिए शपथ दिलवाई गई। विद्यार्थियों ने प्रतिज्ञा की कि वे जात-पात,धर्म,वर्ग, समुदाय,भाषा,लिंग अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का समुचित प्रयोग करेंगे।

### अर्धसैनिक बल ने फ्लैग मार्च निकला

**राजौंद।** राजौंद में लोकसभा चुनाव के मध्य नजर अर्धसैनिक बल व भारी संख्या में महिला सैनिकों ने भी राजौंद पुलिस ने के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकला। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में पुलिस व अर्ध सैनिक बल ने यह फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च राजौंद खंड के विभिन्न गांव में निकाला गया। राजौंद थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

## लघु सचिवालय में सामूहिक मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन

# लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए करें अपने बहुमूल्य मत का उपयोग

**सभी मतदाता लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान कर देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में स्वीप अभियान के तहत वीरवार को सामुहिक मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अनुसार सभी सरकारी कार्यालयों, कॉलेजों, स्कूलों में अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने लघु सचिवालय के परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस मौके पर उनके साथ एसपी उपासना तथा एडीसी सी.जया श्रद्धा मौजूद रही। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर मतदाता को अपने बहुमूल्य मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए। आमजन को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें।



कैथल। डीसी प्रशांत पंवार मतदान की शपथ दिलाते हुए।

### जनता का अहम योगदान

एडीसी तथा स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी सी.जया श्रद्धा ने कहा कि सरकार बनाने में आम नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान होता है, क्योंकि हमारे द्वारा किए गए मतदान के द्वारा ही सरकार बनती है। हमें अपने मत का बिना किसी, डर, भय व प्रलोभन का वोट का उचित उपयोग करना चाहिए। स्वीप अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है, जिसमें स्कूल व कॉलेजों में नव मतदाताओं के वोट बनाए गए। इसके अलावा जिन गांवों में महिलाओं का वोट प्रतिशत कम था, वहां पर महिला पंचायत आयोजित करके उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इसी प्रकार नगर निगम की गाड़ियों के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को 25 मई को मतदान करने के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

### लोकसभा चुनाव के लिए ईवीएम का किया प्रथम रेंडमाइजेशन




**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार की मौजूदगी में लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में ईवीएम का प्रथम रैंडेमाईजेशन किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। रैंडेमाईजेशन चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार ईसीआई की वैबसाईट पर किया गया। प्रथम रैंडेमाईजेशन के बाद सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा वाईज एक-एक प्रति भी उपलब्ध करवाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि जिला में कुल 807 मतदान केंद्र हैं। जिला में 1530 बैलेट यूनिट, 926 कंट्रोल यूनिट व 1007 वीवीपैट मशीनें मुहैया हैं, जिनमें से रैंडेमाईजेशन प्रक्रिया के तहत गुहला विधानसभा क्षेत्र के लिए 226 बैलेट यूनिट, 226 कंट्रोल यूनिट, 246 वीवीपैट मशीन अलॉट की गई। कलायत विधानसभा क्षेत्र के लिए 238 बैलेट यूनिट,238 कंट्रोल यूनिट तथा 259 वीवीपैट मशीन दी गई। इसी प्रकार कैथल विधानसभा क्षेत्र के लिए 245 बैलेट यूनिट, 245 कंट्रोल यूनिट तथा 266 वीवीपैट मशीन अलॉट की गई। पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के लिए 209 बैलेट, 209 कंट्रोल यूनिट तथा 228 वीवीपैट मशीन अलॉट की गई। इस मौके पर एडीसी सी.जया श्रद्धा, एसडीएम सुशील कुमार, कृष्ण कुमार, सत्यवान सिंह मान, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीआईओ दीपक खुराना, चुनाव तहसीलदार नायब सुभाष, राजनीतिक प्रतिनिधियों सुरेश संधु, सुरेंद्र रांझा, चंद्रभान दयौरा, अमरीक सिंह, रमेश आदि मौजूद रहे।

## जेईई मेन में आरपीएस स्कूल के विद्यार्थी छाए



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- राष्ट्र निर्माण में आरपीएस संस्था सदा दृढ़ संकल्पित : चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव
- जेईई, आईआईटी, नीट, एनडीए एवं क्लैट परीक्षा की तैयारी के लिए आरपीएस बना सर्वश्रेष्ठ हब :सीईओ इंजि. मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 39 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा हैं। विद्यालय के छात्र धुर्वांशु, अनिरूद, तनिषा पूनिया ने केमिस्ट्री में, अमन यादव, धुर्वांशु ने फिजिक्स में व युक्ति गुप्ता एवं अमन यादव ने मेथ्स में 100 पसेर्टाइल प्राप्त किया हैं। इसके अलावा आरपीएस की युक्ति गुप्ता ने 99.98, परसेंटाईल, तनीशा पुनिया ने 99.98 एवं अनुप यादव ने 99.98 परसेंटाईल प्राप्त किया हैं।

जेईई मेन में एक ही ग्रुप से अच्छी परसेंटाइल हासिल करने वाले विद्यार्थियों की सफलता पर ग्रुप के सभी विद्यालयों में जश्न का माहौल रहा तथा विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावकों ने मिलकर खुशी जाहिर की। इस उपलब्धि के लिए आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव सहित ग्रुप के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों ने सराहना की हैं। आरपीएस समूह की युक्ति गुप्ता ने 99.98 परसेंटाइल, तनिषा पुनिया 99.98, अनूप यादव 99.98, अमन यादव 99.95, अनिरुद्ध 99.93, अमन कुमार 99.88, जान्हवी मित्तल 99.86, करुणेश यादव 99.84, यश झा 99.80, आदित्य 99.74, नील यादव 99.72, वंशदीप ने 99.69, उदित्य 99.66, लोकेश 99.61, निशांत 99.60, निशांत फोगाट 99.59, सौरभ पांडे 99.53, चिराग यादव 99.48, सक्षम 99.45, क्रिश 99.44, जतिन यादव 99.43, अंकित 99.42, धवल 99.38, हर्ष 99.38, मुस्कान 99.35, हिमांशु तंवर 99.31, अक्षत 99.31, अमन 99.29, तनवी 99.28, दिपांक 99.19, यमन 99.17, प्रियांशी 99.17, पूजन भाद्वाज 99.16, हर्षित 99.12, धुर्वांशु 99.10, रूपक 99.05, मनमोहन शर्मा 99.03, सक्षम 99.01, तनुज 99 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।

## राजनीति में युवाओं को आगे बढ़ा रही जजपा : रेनू रोहेडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल जननायक जनता पार्टी की कलायत महिला हल्का अध्यक्ष रेनू रोहेडा ने कहा है कि जेजेपी युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ने के सुनहरे अवसर देती है।

उन्होंने कहा कि जेजेपी की सोच है कि युवा शक्ति राजनीति से जुड़कर विधायक व सांसद बने और हरियाणा के विकास में अपना अहम योगदान दें।

उन्होंने ने कहा कि जेजेपी ने इस लोकसभा चुनाव में कई युवा उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है और पिछले लोकसभा-विधानसभा चुनाव में भी जेजेपी ने बहुत सारे युवाओं को टिकट देकर चुनाव लड़ाया था। उन्होंने ने कहा कि जेजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी युवा वर्ग का खासा ध्यान रखा था और पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने युवाओं के हित में अनेक मजबूत कदम उठाए।

उन्होंने कहा कि राजनीति में युवाओं की भागीदारी होने से प्रदेश नई सोच के साथ तेजी से तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार गठबंधन सरकार में रहकर जेजेपी ने हरियाणावासियों से किए गए अपने लगभग सभी वादे पूरे किए हैं।

### आधार कार्ड को 14 जून तक करवाएं अपडेट

**कैथल।** एडीसी सी.जया श्रद्धा ने लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में आधार कार्ड अपडेशन विषय पर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में निःशुल्क आधार कार्ड अपडेशन करने की तिथि 14 जून 2024 निर्धारित की गई है। नागरिक अपने आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को यूआईडीएआई के पोर्टल पर जाकर स्वयं निशुल्क अपडेट कर सकते हैं। उन्होंने मौके पर डीआईओ दीपक खुराना से जिला में चल रहे आधार सैंटरों की पूर्ण फीडबैक ली। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ से दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

## यदुवंशी के छात्रों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़




महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 215 छात्रों ने आईआईटी जेईई मेन प्रवेश परीक्षा के दूसरे फेज में उच्च परसेंटाइल से सफलता प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। जेईई मेन एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है जो एनटीए द्वारा आयोजित की जाती है। विद्यालय के नौ छात्र ने 99 परसेंटाइल से ऊपर हिमांशु 99.91, विशेष 99.88, रूपेश 99.59, नितिन 99.52, विशेष कुमार 99.31, भूपेंद्र 99.24, मुकुल 99.18, निशांत 99.11 तथा अंशिका 99.09 ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वहीं 95 परसेंटाइल से अधिक सुप्रिया 98.96, दीया 98.81, अक्षय 98.72, नितेश 98.62, निशांत 98.44, तुषांत 98.34, यामिनी 98.16, मनु 98.03, तनिष्क 96.95, डिंपल 97.84, सुधांशु 97.83, संध्या 97.04, गाव्यांशी 96.98, मनन 96.83, तृप्ति 96.78, मानसी 96.74, दक्ष 96.71, दिव्या 96.55, निशिता 96.51, विशांत 96.33, प्रवीन 96.28, विनीता 96.08, तक्षप्रीत 95.79, हर्ष 95.6, मिलन 95.5, कवींद्र 95.46, कपिल 95.46 तथा शुभम 95.14 विद्यार्थी रहे, वहीं 90 परसेंटाइल से अधिक 107 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया, जिसमें हरिश 94.98, प्रवीन 94.97, निधीश 94.93, उमेश 94.92नाम शामिल रहे।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी करें मतदान

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रशांत पंवार के आदेशानुसार जिला में लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन मतदाता जागरूकता अभियान चल रहा है। इसी कड़ी में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य भारत भूषण शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर देशवासी को अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे सभी अपने-अपने घरों में अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक करें ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। हर नागरिक को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। जिला जूनियर रेडक्रास कोआर्डिनेटर अंजु शर्मा ने सभी छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई।

## इंडिया गठबंधन सभी सीटों पर जीतेगा

- लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने पुंडरी अनाज मंडी में चलाया डोर टू डोर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। डा. सुशील गुप्ता पूंडरी अनाज मंडी में व्यापारियों से मिलते हुए।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने पुंडरी की अनाज मंडी में डोर टू डोर अभियान चलाया। उनके साथ पूर्व मंत्री सुलतान सिंह जंडौला भी मौजूद रहे। वहीं इस दौरान जिला अध्यक्ष गज्जन सिंह, स्वामी कृष्णानंद, ईशम सिंह डींग, सोनिया शर्मा, जोगेंद्र जाजनपुर, दिलबाग कटारिया, महेंद्र पाई, रघबीर हाबड़ी, बलजीत पाई, प्रलाहद शर्मा, गुरतेज, सुखदेव, राजेश, सतबीर भाना, सतपाल साकरा, प्रदीप चौधरी, भूप सैनी, महेंद्र जांबा, कवरपाल करोड़ा और बलकार सिंह मौजूद रहे। उन्होंने अनाज मंडी के व्यापारियों, आढ़तियों, किसानों और मजदूरों से बातचीत की और उनकी समस्याएं जानी। डोर टू डोर अभियान के दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र की जनता के हकों की आवाज उठाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में भाजपा प्रत्याशियों को विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कुरूक्षेत्र ने भी जनता ने नवीन जिंदल और भाजपा समर्थकों का हौसला पस्त कर दिया है। हरियाणा में इंडिया गठबंधन सभी 10 सीटों पर भाजपा का सूपड़ा साफ करेगा।

### अदालत ने आरोपितों को किया बरी

**कैथल।** यहां की एक अदालत ने एक नाबालिग को मरने के लिए मजबूर करने और पोक्सो एक्ट की धाराओं से आरोप मुक्त करते हुए बरी कर दिया है। इस बारे में मृतक के पिता ने थाना चीका में आईपीसी की धारा 305 और 34 तथा पोक्सो एक्ट के तहत 26 मार्च 2020 को केस नंबर 117 दर्ज करवाया था। बचाव पक्ष की ओर से केस की पैरवी करुण खटकड़ माजरा और राजपाल खटकड़ माजरा ने की। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार शिकायतकर्ता के बड़े नाबालिग बेटे को एक महिला ने अपने चंगुल में फंसा रखा था जो उसको कई दिनों से अपने घर बुलाकर तंग कर रही थी। घटना के दिन भी महिला ने नाबालिग को अपने घर पर रोका हुआ था जिसे उसके पिता छुड़वाकर लाए।

## नवीन जिंदल को दिखाए काले झंडे

- भाजपा की गलत नीतियों से किसान धरने प्रदर्शन करने को मजबूर : तेजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ सीवन-गुहला-चीका



सीवन। नवीन जिंदल के काफिले को काले झंडे दिखाते किसान।

भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल का कैथल के गांवों में कई स्थानों पर स्वागत देखने को मिल रहा है तो वहीं उन्हें कई स्थानों पर किसानों का विरोध भी सहना पड़ रहा है। वीरवार को गांव पोलड़ के पास कैथल पटियाला मुख्य मार्ग पर किसानों ने नवीन जिंदल के काफिले को काले झंडे दिखा कर विरोध प्रदर्शन किया। किसान नेता बलराज सिंह व तेजेन्द्र सिंह का कहना था कि भाजपा किसान विरोधी सरकार है और हम भाजपा के उम्मीदवार का कोई साथ नहीं देंगे। भाजपा ने किसानों के साथ धोखा किया है। किसानों को उजाड़ने का कार्य भाजपा ने किया है। भाजपा की गलत नीतियों के कारण किसान धरने प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। इसी कारण से धरने व प्रदर्शन के दौरान बहुत से किसान शहीद हुए हैं। चुनाव में भाजपा को इसका हर्जाना भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि वे भाजपा के नेताओं को गांव में नहीं घुसने देंगे तथा इसका जमकर विरोध करेंगे। वहीं दूसरी ओर नवीन जिन्दल का गांव सैर में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। नवीन जिन्दल ने कहा कि भाजपा ने जो विकास कार्य पिछले 10 वर्ष में किए हैं हमें उन पर मोहर लगानी है।

### महिला आयोग की अध्यक्षता रेनू भाटिया पहुंचीं चीका

# सोशल मीडिया के अकाउंट को प्राइवेट करके रखें

- कन्या महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता व साइबर क्राइम पर विशेष व्याख्यान में लिया भाग


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका



गुहला-चीका। महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया छात्राओ को संबोधित करते हुए।

राजकीय कन्या महाविद्यालय चीका मे चीका को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हरियाणा महिला आयोग व राजकीय कन्या महाविद्यालय चीका के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित गया। इसका मुख्य विषय था कानूनी साक्षरता एवं साइबर क्राइम। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा महिला आयोग की माननीय अध्यक्षा रेनू भाटिया मौजूद रही। कानूनी साक्षरता पर विशेष व्याख्यान के लिए मिस आकांक्षा यादव पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट मौजूद रही। इस अवसर पर साइबर सेल कैथल पुलिस से मिस्टर सुधांशु मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामनिवास यादव ने मुख्य अतिथि महोदय व वक्ताओं को स्मृति चिन्ह शॉल देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्षता आदरणीय श्रीमती रेनू भाटिया ने अपनी संबोधन में छात्राओं को कहा कि जीवन में अपने आप को सशक्त बनाना है। कानूनी जानकारियां प्राप्त करनी है। भावनाओं को त्यागना है, व्यवहारिक बनना है और आप अपने आप को आईने में देखते हुए यह ध्यान रखें कि मैं एक सशक्त लड़की हूं। इस बात की शपथ हर रोज सुबह ले और पूरे दैनिक जीवन की दिनचर्या में आप अपने आप को सशक्त बनाने का प्रयास करें। क्राइम के विशेष व्याख्यान के लिए ऐसा ही शुभ्रांशु ने अपने संबोधन में बताया कि छात्राएं अपनी सोशल मीडिया के सभी अकाउंट को प्राइवेट करके रखें और उनको पब्लिक न होने दें।अगर किसी की कोई फ्रेंड रिक्वेस्ट आती है या गलत मैसेज आता है या आपके साथ कोई चीटिंग करता है तो सबसे पहले वह डरे नहीं, हिम्मत दिखाते हुए साइबर सेल को रिपोर्ट करें। उन्होंने बताया कि भारत सरकार और हरियाणा सरकार की ओर से साइबर सेल की ओर से साइट मेल हेल्पलाइन नंबर दिए गए हैं। अगर आपसे कोई गलती हो जाती है तो उस गलती को दोबारा न होने दें ।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर के पच्चीस कैडेटस को वितरित किए ट्रैक सूट



**कैथल।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरी में राष्ट्रीय कैडेट कोर 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी करनाल के दिशानिदेर्शानुसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेंकिड ऑफिसर सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय कैडेट कोर भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की तरफ से संचालित विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है। इसमें कैडेट्स सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ देश सेवा और कई तरह के लाभदायक सामग्री भी प्रदान की जाती है । इसी के तहत विद्यालय के द्वितीय वर्ष के सभी 25 कैडेट्स को 7 हरियाणा बटालियन करनाल की तरफ से तैयार करवाए गए बहुत ही अच्छी क्वालिटी के ट्रैकसूट वितरित किए गए। यह ट्रैकसूट कैडेट्स को वार्षिक कैंप, प्रतियोगिताओं और अन्य गतिविधियों में बहुत काम आएंगे। साथ ही कैडेट्स को सामान्य बच्चों से अलग पहचान प्रदान करेंगे।

**सूचना**

मैं, सुरेशो पत्नी स्व. श्री सुरेश निवासी गांव सिनद तह. व जिला कैथल हालाबाद शक्ति नगर चन्दाना गेट कैथल बयान करती हूं कि मेरी पुत्री अंकुश रानी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**



जींद। हैफेड मैनेजर से मिलते हुए आढ़ती एसोसिएशन उचाना प्रधान सत्यवान पेगां एवं आढ़ती।

### उठान की रफ्तार बढ़ाने के लिए मांग उठाई

**उचाना।** उठान की रफ्तार को बढ़ाने की मांग को लेकर आढ़ती एसोसिएशन उचाना हैफेड मैनेजर से मिलकर रफ्तार की मांग को बढ़ाने की मांग की। एसोसिएशन प्रधान सत्यवान पेगां बताया कि एसोसिएशन को जो जानकारी मिली है कि 24 अप्रैल तक हैफेड ने मंडी में 193238 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। अब तक मात्र 53 हजार क्विंटल गेहूं का ही उठान हुआ है। 140238 क्विंटल गेहूं का उठान बाकी है। 27 प्रतिशत तक ही उठान अब तक हुआ है।

### पाई में हलका ब्राह्मण सभा की बैठक हुई

**पूंडरी।** गांव पाई में हलका ब्राह्मण सभा द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सभा के प्रधान नरेंद्र शर्मा पिलनी व जिला पार्षद मुनीश शर्मा ने भाग लिया। प्रधान शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण सभा अपने आराध्य देव भगवान परशुराम की जयंती पर 12 मई को पूंडरी के एक निजी पैलेस में हलका स्तर का कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिसमें हलके भर के गांवों से समाज के हजारों लोग भाग लेंगे।

### अनाज मंडी में मजदूरों ने जताया रोष

**सीवन।** सीवन अनाज मंडी में मंडी के मजदूरों ने बृहस्पतिवार को हड़ताल कर दी। लदान बहुत धीमा होने के कारण मंडी में गेहूं की बोरियां बहुत अधिक बकाया पड़ी हैं और लदान के लिए जो गाडियां लगी हैं उनकी संख्या बहुत कम है। इसके चलते मंडी में गेहूं की बोरियां अटी पड़ी हैं। गाडियों की संख्या कम होने के कारण मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। लदान धीमा होने के कारण मजदूरों को उनकी पूरी दिहाड़ी तक नहीं मिल पा रही है। मजदूरों का कहना था कि एक आढ़ती के पास केवल एक ही गाड़ी दिन में आती है।

### मोतीलाल विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बताया कि पिछले दिनों आयोजित हुई कॉमर्स ओलंपियाड प्रतियोगिता में विद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। कॉमर्स प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों में ओलंपियाड परीक्षा के तहत कॉमर्स परीक्षा का आयोजन किया गया। ओलंपियाड परीक्षा में शत-प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा देते हैं।

### दुकान से 30 हजार रुपये की नकदी चोरी

**कैथल।** गांव फतेहपुर में चोर एक दुकान से 30 हजार रुपये चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी मुकेश कुमार ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि 20 से 23 अप्रैल के बीच अज्ञात आरोपी उसकी गांव स्थित दुकान से 30 हजार रुपये चोरी कर ले गया।

गेहूं के धीमी गति से हो रहे उठान से गुस्साए

# किसानों-आढ़तियों ने मुख्य गेट पर जड़ा ताला, जमकर नारेबाजी की

- एक पखवाड़े में दूसरी बार की गई मंडी की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

चीका मंडी में मार्केट कमेटी के अधीन आने वाले एक परचेज सेंटर रामथली में गेहूं की पहले ठीक ढंग से खरीद ना होने व अब धीमी गति से चल रहे उठान से गुस्साए आढ़तियों, किसानों व मजदूरों ने सेंटर के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीण हरनरेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, दविंद्र सिंह, श्याम सिंह व राजबीर आदि किसानों ने बताया कि वे पिछले एक पखवाड़े के दौरान दो बार मंडी में तालाबंदी कर चुके हैं परंतु प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि गेहूं उठाने वाले वाहन कई कई दिन नहीं आते, जिस कारण उन्हें अपनी फसल की सुरक्षा के लिए मंडियों में बैठना पड़ रहा है। दूसरी तरफ मजदूरों ने भी शिकायत करते हुए कहा कि दर्जनों मजदूर खाली बैठे हैं नतीजतन उन्हें रोटियों के लाले पड़ गए हैं क्योंकि यदि वे वाहनों में गेहूं की बोरियां लोड करेंगे, तो ही उन्हें दिहाड़ी मिलेगी। इस बीच आढ़तियों, किसानों व मजदूरों ने खरीद सेंटर का ताला लगाकर मांग की है कि जब तक कोई बड़ा अधिकारी उनकी समस्या को सुनने के लिए मौके पर नहीं आएगा तब तक वे सेंटर का ताला नहीं खोलेंगे।



गुहला चीका। रामथली परचेज सेंटर पर अपनी समस्या बताते मजदूर।

क्या कहना है मार्केट कमेटी सचिव का इस सम्बन्ध में मार्केट कमेटी के सचिव सतबीर रविश से बात की तो उन्होंने साफ कहा कि किसानों व आढ़तियों की शिकायत पर सम्बन्धित ठेकेदार को आदेश दिए गए हैं कि वह गेहूं के कट्टों को जल्द उठवाए और मंडी को खाली करे ताकि किसी को कोई परेशानी ना आए। उन्होंने कहा कि जल्द ही उठान का कार्य तेज हो जाएगा।



### छात्तर सब यार्ड आढ़तियों की बैठक, लिया फैसला

**उचाना।** छात्तर सब यार्ड पर शुक्रवार दोपहर तक अगर उठान की रफ्तार तेज नहीं हुई तो आढ़ती मंडी गेट के ताले लगा कर इनकी चॉबी मार्केट कमेटी सचिव को सौंपेंगे। छात्तर सब यार्ड प्रधान राजा छातर ने बताया कि आढ़तियों की मीटिंग हुई। कई दिनों से उठान की रफ्तार काफी धीमी है। इसको लेकर कई बार प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में आढ़तियों ने फैसला लिया है कि अगर शुक्रवार दोपहर तक ट्रांसपोर्टर द्वारा उठान की रफ्तार को नहीं बढ़ाया गया तो मंडी के गेटों पर आढ़ती ताले जड़ कर उनकी चाबी उचाना मार्केट कमेटी सचिव को दे देंगे। जब उठान तेजी से नहीं हो रहा तो मंडी में आढ़तियों के बैठने का क्या फायदा है। उन्होंने कहा कि दो लाख 25 हजार से अधिक गेहूं के बैगों की खरीद हैफेड, डीएफएससी द्वारा की गई है। तीन लाख के करीब बैग गेहूं के सीजन में छात्तर सब यार्ड पर आते है। जो उठान की रफ्तार है वो काफी कम है। हर रोज कम से कम 20 हजार बैगों का उठान होना चाहिए जबकि उठान 10 हजार बैगों का भी नहीं हो रहा है। उठान नहीं होने से किसानों के खाते में पेमेंट आने में देरी हो रही है। गेहूं के बैगों की रखवाली आढ़तियों को करनी पड़ रही है।



जुलाना। नई अनाज मंडी में लगे गेहूं के ढ़ेर।

## जुलाना मंडी में गेहूं की आवक तेज, उठान धीमा

- आढ़तियों ने जताया रोष, डीसी को भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना की नई अनाज मंडी में गेहूं की आवक ने तेजी पकड़ ली हैं। जिस कारण मंडी के चारों तरफ गेहूं के ढ़ेरों के साथ उठान की गति कम होने से बैग के स्टॉक दिखाई देने लगे हैं। अगर मंडी में आवक ऐसे ही होती रही और भराई व उठान का कार्य धीमी गति से होता रहा तो वह समय दूर नहीं होगा तब मंडी गेहूं की कट्टों और ढ़ेरों से अटी दिखाई देगी। उठान का कार्य धीमा होने के कारण आढ़तियों और किसानों को काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। वीरवार को दोपहर के समय आढ़तियों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडी के प्रधान कैलाश सिंगला ने की। बैठक में आढ़तियों को संबोधित करते हुए कैलाश सिंगला ने कहा कि मंडी में अब तक लगभग 18 लाख बैग की आवक हो चुकी है और 11 लाख के करीब खरीद हो चुकी है लेकिन मंडी से केवल चार लाख बैग का ही उठान हो पाया है। मंडी से उठान धीमा होने के कारण किसान के खातों में गेहूं की फसल के दाम उनके खातों में नही आ रहे हैं।

## गेहूं उठान के मुद्दे पर व्यापारियों के तेवर गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

अनाज मंडी में गेहूं उठान कार्य की धीमी गति को मुद्दा बनाते हुए व्यापारियों ने आंदोलन खड़ा करने का ऐलान किया है। इसके अनुसार शुक्रवार को यदि अनाज मंडी में मांग के अनुरूप वाहन व मजदूरों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो व्यापारियों ने पूरी तरह से उठान को रोकते हुए सडक पर जाम लगाने की रणनीति तय की है। यह फैसला दोनों एसोसिएशनों ने अपने-अपने प्रधान, पदाधिकारियों और व्यापारियों की मौजूदगी में सुनाया। आपात बैठक में मुख्य रूप से आढ़ती एसोशिएशन प्रधान सोहन लाल गुप्ता, उप प्रधान पवन कौलेखां, दूसरी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र ढूंढवा, रवींद्र शर्मा, प्रताप गुहणा, शमशेर खरक, जोरा सिंह व बड़ी संख्या में



कलायत अनाज मंडी में उठान की स्थिति दिखाते व्यापारी

व्यापारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा व्यवस्था इस कदर खराब है कि 12 अप्रैल को खरीदे गए गेहूं का अभी तक उठान नहीं हुआ। अनाज मंडी उठान की बिगड़ी स्थिति के चलते खचाखच है और विवशता में उन्हें बाहर जमीन किराये पर लेकर खरीद कार्य पूर्ण करना पड़ रहा है। हैफड़ व वेयर हाउस की दोनों सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदे गए गेहूं का उठान जिस एजेंसी द्वारा किया जा रहा है उसके केवल 1 दर्ज वाहन की मंडी में है। जल्दी उठान करवाने के लिए कुछ वाहन चालकों द्वारा पैसे की मांग की जाती है। देरी से उठान होने के कारण न केवल घटौती का संकट आएगा बल्कि खुले में पड़ागेहूं खराब होने की प्रबल संभावना है। कलायत अनाज मंडी में उस समय अधिकारियों और व्यापारियों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई जब एसडीएम सत्यवान सिंह मान, हैफड़ जिला प्रबंधक कृष्ण श्योराण आदि मौजूद रहे।

## डीसी ने किया नरवाना अनाज मंडी का दौरा

- डीसी ने हैफेड के अन्न भंडार का निरीक्षण कर जांची व्यवस्था
- फसल खरीद कार्य को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने गेहूं खरीद व उठान के कार्य को लेकर वीरवार को नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड नरवाना का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को खरीदए उठान व पुख्ता इंतजामों को लेकर आवश्यक दिशा.निर्देश भी दिए। डीसी ने नरवाना अनाज मंडी का दौरा करके वहां पर चल रहे गेहूं खरीद कार्य का जायजा लिया तथा खरीद एजेंसियों व मार्किट कमेटी के अधिकारियों से जानकारी हासिल की। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने खरीद एजेंसियों व मार्किट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फसल खरीद में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। फसल की नमी की मात्रा को नियमानुसार चेक कर खरीद करें ताकि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। आढ़तियों व किसानों को सीजन के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत पेश नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल की बिक्री होने के बाद 72 घंटों के अंदर-अंदर भुगतान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे उठान कार्य में तेजी लाएं अगर कोई ठेकेदार इस कार्य में लापरवाही करता है तो तुरंत कार्रवाई अमल में लाए। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में पीने के पानी, स्वच्छता, तिरपाल, बारदाना आदि का उचित इंतजाम होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने आढ़ती एसोसिएशन के प्रतिनिधियों व किसानों से भी बातचीत की। इस अवसर पर उनके साथ नरवाना के एसडीएम अनिल कुमार दून, डीएफएसई निशांत राठी, नरवाना मार्केट कमेटी की सचिव पूजा, हैफैड के डीएम पुनीत, हैफेड के मैनेजर प्रकट सिंह, उपनिरीक्षक टहल सिंह, मंडी एसोसिएशन के प्रधान राजेश शर्मा मौजूद रहे।



जींद। नरवाना अनाज मंडी का दौरा करते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

### लिफ्टिंग का कार्य जल्द हो

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने इस दौरान हैफेड के अन्न भंडार का भी निरीक्षण किया। उस दौरान मौके पर मौजूद हैफेड के डीएम पुनीत पंघाल को निर्देश दिए कि वे लेबर प्वायंट बढ़ा दिया जा ताकि लिफ्टिंग का कार्य जल्द से जल्द हो सके। उन्होंने कहा कि गोदामों में लेबर के लिए शौचालय, स्वच्छ पेयजल, साफ.-सफाई का प्रबंध करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के बाद डीसी ने कहा कि नरवाना अनाज मंडी में 28 प्रतिशत उठान का कार्य हो चुका है।

## तबादला करने की मांग को लेकर सीएमओ से मिली पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

पीएचसी नगूरां में तैनात एक नसिंर्ग ऑफिसर के तबादले तथा नागरिक अस्पताल जींद में तैनात एक नर्सिंग ऑफिसर को पीएचसी नगूरां में लगाने की मांग को लेकर नगूरां पंचायत सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप के नेतृत्व में सीएमओ डा. गोपाल गोयल से मिली। सिविल सर्जन ने मामले को लेकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन पंचायत को दिया है। सिविल सर्जन जींद को सौंपे मांग पत्र में नगूरां पंचायत ने कहा कि पंचायत ने बड़े प्रयासों के बाद नगूरां पीएचसी में डिलीवरी हट शुरू करवाने का काम किया था लेकिन पीएचसी में तैनात कुछ कर्मचारी डिलीवरी हट को सुचारू रूप से चलाने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं। पंचायत के सामने आए दिन ग्रामीणों के मार्फत पीएचसी में तैनात कर्मचारियों की शिकायतें




अलेवा। नगूरां सरपंच प्रतिनिधि मांगों को लेकर सिविल सर्जन जींद डा. गोपाल गोयल को सौंपता मांग पत्र।

आ रही है। अक्सर देखने में आ रहा है कि पीएचसी में तैनात स्टाफ गर्भवती महिलाओं को रजिस्ट्रर में बिना इंटरी के ही डिलीवरी के लिए बाहर का रास्ता दिखा रही है।

यही नहीं पंचायत मामले को लेकर कई बार सिविल सर्जन जींद को मौखिक तथा लिखित में शिकायत दर्ज करवा चुकी है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मामले को हल्के में लेकर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

## 90% गेहूं की खरीद का कार्य पूरा : डीसी

- गेहूं की सरकारी खरीद को पूरा करें एजेंसियां : एसीएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ‌ण सुमिता मिश्रा ने सरकारी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि किसानों की फसल का एक-एक दाना निर्धारित किये गए एमएसपी रेट पर ही खरीदा जाए। खरीद के कार्य में किसी भी किसान को कोई दिक्कत आती है तो उसका तुरंत समाधान करवाएं। एसीएस ने यह निर्देश वीसी के दौरान वीरवार को फसल खरीद को लेकर हुई समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त एवं फसल खरीद कार्य से जुडे अधिकारियों को दिए। उपायुक्त ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को आश्वास्त करते हुए कहा कि जिला में लगभग 90 प्रतिशत से 'यादा गेंहू की खरीद का कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला की अनाज मंडियों में फसल खरीद का कार्य पूरे निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। फसल खरीद के कार्य को लेकर कोई समस्या आडे नही आ रही है।




जींद। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मौजूद डीसी और अन्य।

उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार सभी किसानों को समयबद्ध तरीके से फसलों का भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा एक्जिट स्लीप पर भी किसानों को फसलों की पेमेंट की जा रही है। डीसी ने वीसी उपरांत अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से लगातार चलाया जाए और साथ-साथ अनाज मंडियों से गेहूं का उठान भी करवाया जाए। उन्होंने कहा कि मौसम की नजाकत को मध्य नजर रखते हुए गेहूं को बारिश से बचाव के लिए तमाम प्रबंध पूर्ण कर लिए जाएं। इसके अलावा किसानों को समयबद्ध तरीके से ही फसलों का भुगतान करते रहें।

## राजकीय महाविद्यालय में महावीर गुड्डू का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय के लिए बहुत ही हर्ष और गर्व का विषय की पूरे विश्व में हरियाणवी संस्कृति की अमिट छाप छोड़ने वाले सफीदों निवासी लोक कलाकार महावीर गुड्डू को देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार मिलने के उपरांत महावीर गुड्डू ने कहा कि वो राजकीय महाविद्यालय के छात्र रहे हैं और मुझे इस बात पर गर्व है कि वो इस विद्यालय से पढ़े हैं। इस महाविद्यालय ने सर्वप्रथम मुझे वह मंच प्रदान किया जहां से मुझे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन देश व विदेश में कर पाया और हरियाणवी संस्कृति को जिंदा रखने में अपना सहयोग दे पाया। पदमश्री अवार्ड मिलने के बाद उन्होंने राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में आकर उस मंच को चूमा जिस मंच से वह अपनी कला का उद्घोष पूरे विश्व में फैलाने में सक्षम हो पाए। महाविद्यालय प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने इस बात पर गर्व महसूस करते हुए कहा कि महाविद्यालय को ऐसी महान शख्सियत और उपलब्धियां को देखकर महाविद्यालय का सीना गदगद हो उठता है। उनको यह पुरस्कार मिलने पर पूरे राजकीय महाविद्यालय और हरियाणवीं कला प्रेमियों में खुशी की लहर है।



जींद। पदमश्री महावीर गुड्डू को स्मृति चिन्ह देते प्राचार्य सत्यवान मलिक।

## जजों की विदाई पार्टी में शायरी से माहौल हुआ खुशनुमा

- वकीलों के प्रोफेशन में कोई शार्ट कट नही : अक्षय चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

आपकी विदाई की इस बेला में रह जाउंगा अकेला मैं फिर भी सुख दुख में हूं आपके साथ। यह पंक्तियां बार एसोसिएशन नरवाना के सभागार में जज जेएमआईसी नवीन कुमार ने वकीलों को संबोधित करते हुए कही। बार एसोसिएशन नरवाना के सभागार में जजों की विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यकम की अध्यक्षता प्रधान एडवोकेट बलजीत मलिक एवं सचिव सुमित श्योकंद ने की। सचिव सुमित श्योकंद ने जज नवीन कुमार, अक्षय चौधरी एवं जज एसडीजेएम विशाल का नरवाना कोर्ट में अपनी अच्छी सेवाएं देने के लिए तहेदिल से धन्यवाद किया और कहा कि हमें सभी जज साहबान से बहुत कुछ सिखने को मिला है। उन्होंने जेएमआईसी से एसडीजेएम की प्रमोशन पाले वाले जज अक्षय चौधरी को पुत्र रत्न की प्राप्ति होने पर बधाई भी दी। जज अक्षय चौधरी ने कहा कि वकीलों के प्रोफेशन में कोई शार्ट-कट नहीं होता। सीनियर वकीलों ने यहां तक पहुंचने में बहुत कड़ी मेहनत की है। युवा वकीलों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर एसडीजेएम जज विशाल ने कहा कि ना किसी से ईर्ष्या ना किसी से भौर मेरी अपनी मंजिले मेरी अपनी दौड़। उन्होंने कहा कि अच्छा वकील वहीं है जो कानून को जानता है।



नरवाना। बार एसोसिएशन नरवाना के सभागार में जजों की विदाई पार्टी करते हुए।

**उल्लंघन** पुलिस ने गाड़ी को किया काबू, जांच के बाद छोड़ा, बना रहा संशय

## जुलाना के मेन बाजार में हो रहा था आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन

कस्बे में 29 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से चावल बेचा जा रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलानाकस्बे में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा था। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और गाड़ी को काबू किया और जांच के बाद पुलिस ने गाड़ी को छोड़ दिया। आदर्श आचार संहिता को लेकर संशय बना रहा।

रोहतक के एक मील की गाड़ी जुलाना कस्बे में 29 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से चावल बेच रही थी। पिकअप गाड़ी के उपर भोंपू लगाया गया था, जिसमें प्रचार किया जा रहा था कि भारत सरकार द्वारा दिया जा रहा है सस्ते दामों पर चावल। 10 किलोग्राम का बैग केवल 290 रुपये में दिया जा रहा था। सस्ते भाव के चावल के प्रचार को सुन कर दुकानदारों में चावल लेने की होड़ लग गई। एक-एक दुकानदार 10-10 बैग उठाए नजर आया। दुकानदारों ने बताया कि कुछ देर बाद चावल को ब्लैक में भी बेचा जाने लगा। दुकानदारों ने बताया कि बैग 290 की जगह 350 में दिया जाने लगा। गाड़ी के दोनों ओर उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का लोगो लगा कर बैनर भी लगाया गया था। गाड़ी पर जो भोंपू लगाया गया था उसकी स्वीकृति भी नही थी। बार-बार अनाउंसमेंट भी कि जा रही थी कि भारत सरकार द्वारा सस्ते दामों में दिया जा रहा है सस्ते दामों में चावल। कोई भी आमजन इसे खरीद सकता है। अनाउंसमैंट को सुन कर लोगों का भारी हुजूम चावल खरीदने के लिए गाड़ी के पास उमड़ रहा था।




जुलाना। मैन बाजार में घुम रही चावल की गाड़ी।

### चालक ने सभी दस्तावेज दुरूस्त मिले

जुलाना थाना प्रभारी नवीन मोर ने बताया कि नेफेड के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि भारत सरकार का उपक्रम है। जिसके तहत चावल को 29 रुपये प्रतिकिलोग्राम के हिसाब से बेचा जा रहा है। गाड़ी के कागजात की चैकिंग के बाद गाड़ी को छोड़ दिया गया है। चालक ने सभी दस्तावेज दिखाए जोकि दुरूस्त मिले।

### गहनता से जांच की जाएगी

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जांच के बाद चावल की गाड़ी का चालान क्यों नही किया गया, यह तो पुलिस ही बता सकती है लेकिन लाउड स्पीकर लगाया गया था और उसकी स्वीकृति नही थी तो यह जांच की विषय है। मामले की गहनता से जांच की जाएगी।